दिनांक 26.03.2024
प्रेस विज्ञप्ति 29/2024

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

कमिश्नरेट वाराणसी/थाना कैण्ट

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **चोरी की भारी मात्रा में सोने के आभूषण आदि बरामद**

दिनॉकः 25.03.2024 को थाना कैण्ट व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर इमलिया घाट फुलवरिया से अभियुक्त आशीष को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की भारी मात्रा में सोने के आभूषण आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कैण्ट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कैण्ट पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—आशीष निवासी कुआर बाजार थाना फूलपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।

बरामदगी

1—चोरी की भारी मात्रा में सोने के आभूषण आदि।

जनपद सम्भल/थाना असमोली

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा अभियुक्त गिरफ्तार**
- **23 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **03 जीवित, 02 खोखा कारतूस विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनॉकः 25/26.03.2024 की रात्रि थाना असमोली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम तलवार के जंगल से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा अभियुक्त शहाबुद्दीन उर्फ शाबू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 23 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 03 जीवित, 02 खोखा कारतूस विभिन्न बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद सम्भल के विभिन्न थानों पर चोरी, सीएस एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 15 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना असमोली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–शहाबुद्दीन उर्फ शाबू निवासी ग्राम मदाला फतेहपुर थाना असमोली जनपद सम्भल।

बरामदगी

1–23 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2–03 जीवित, 02 खोखा कारतूस विभिन्न बोर।

3–अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

जनपद चित्रकूट/थाना सरधुवा

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **18 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **77 खोखा , 18 मिस कारतूस विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनॉकः 25.03.2024 की रात्रि थाना सरधुवा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम फुलवारी से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्तों 1–उमादत्त 2–दुर्गा प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 18 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 77 खोखा कारतूस, 18 मिस कारतूस विभिन्न बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना सरधुवा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–उमादत्त निवासी ग्राम फुलवारी थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट।

2–दुर्गा प्रसाद निवासी लोहदा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट।

बरामदगी

1–18 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2–77 खोखा, 18 मिस कारतूस।

3–अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

——————